*नैक (NAAC) द्वारा “A” ग्रेड प्राप्त*

**महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा**

**Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya, Wardha**

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

*(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)*

जनसंपर्क विभाग- Ph./Fax: 07152-252651 मो.9960562305 इ-मेल: mgahvpro@gmail.com

वेबसाइट : www.hindivishwa.org

---

## हिंदी विश्वविद्यालय में आतंकवाद विरोध की ली शपथ

## सामाजिक सदभाव के लिए आतंकवाद का मुकाबला करें- प्रो. गिरीश्वर मिश्र

वर्धा, 20 मई 2016: अपने आसपास सामाजिक सदभाव का वातावरण बनाए रखने के लिए किसी भी प्रकार




के आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए हमें तत्पर रहना चाहिए। उक्त प्रतिपादन महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र ने व्यक्त किये। वे विवि में आतंकवाद विरोधी दिवस के उपलक्ष्य में शुक्रवार को आयोजित शपथ ग्रहण कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने उपस्थित अध्यापकों, अधिकारियों, विद्यार्थियों तथा कर्मियों को आतंकवाद विरोध की शपथ दिलाई। शपथ में उन्होंने कहा कि हम



भारतवासी अपने देश की अहिंसा एवं सहनशीलता की परंपरा में दृढ़ विश्वास रखते हैं तथा निष्ठापूर्वक शपथ लेते हैं कि हम सभी प्रकार के आतंकवाद और हिंसा का डटकर विरोध करेंगे। हम मानव जाति के सभी वर्गों के बीच शांति, सामाजिक सदभाव तथा सूझबूझ कायम करने और मानव जीवन मूल्यों को खतरा पहुंचाने वाली और विघटनकारी शक्तियों से लड़ने की शपथ लेते है।

केंद्रीय गृह मंत्रालय तथा राज्य के गृह मंत्रालय की आरे से प्रति वर्ष 21 मई को आतंकवाद विराध दिन की शपथ ली जाती है, लेकिन इस वर्ष 21 मई को सरकारी अवकाश होने से 20 मई को ही आतंकवाद विरोध की शपथ ली गयी।

इस अवसर पर प्रतिकुलपति प्रो. आनंद वर्धन शर्मा, कार्यकारी कुलसचिव कादर नवाज़ ख़ान, वित्त अधिकारी पी.एस. सिंह, कुलानुशासक प्रो. सूरज पालीवाल तथा अध्यापक, अधिकारी, विद्यार्थी एवं कर्मी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।